श्री निरंजन कुमार, संयुक्त सचिव, खेल विभाग की अध्यक्षता में दिनांक– 29.04.2026 (बुधवार) को अपराह्न 03:00 बजे आहूत बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही

उपस्थिति

1. श्री संजय कुमार सिंह, महाप्रबंधक, बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना।
2. श्री राजन कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी, खेल विभाग।
3. श्री सिद्धांत कुमार, अवर सचिव, खेल विभाग।
4. श्री अजय कुमार, अवर सचिव, खेल विभाग।
5. श्री अमर गौरव, परियोजना प्रबंधक, बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना।

कार्यवाही

I प्रगति यात्रा

संयुक्त सचिव, खेल विभाग द्वारा माननीय मुख्यमंत्री महोदय के प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं के संबंध में अद्यतन जानकारी प्राप्त किया गया।

बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना के पदाधिकारियों द्वारा सूचित किया गया कि प्रगति यात्रा के दौरान कुल 14 घोषणाएं की गई है। 14 योजनाओं में कार्य आवंटित किया गया है।

इस संबंध में बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना के पदाधिकारियों को सभी योजनाओं में अविलम्ब कार्य कराने का निदेश दिया गया। जहानाबाद एवं नवगछिया हेतु कृषि विभाग को पत्राचार करने का निदेश दिया गया है। कतिपय जिलों में कार्य करने में समस्या उत्पन्न हो रही है जिसका विवरण निम्न है–

क्र. सं.	जिला का नाम	निगम द्वारा परिलक्षित समस्या	संयुक्त सचिव द्वारा दिये गये निदेश
1.	जहानाबाद	कृषि विभाग का जमीन है। इस हेतु अनापत्ति प्रमाण–पत्र की आवश्यकता है।	इस संबंध में जिला पदाधिकारी, जहानाबाद को पत्र भेजे जाने का निदेश दिया गया।
2.	भागलपुर	कृषि विभाग का जमीन है। इस हेतु अनापत्ति प्रमाण–पत्र की आवश्यकता है।	इस संबंध में जिला पदाधिकारी, भागलपुर को पत्र भेजे जाने का निदेश दिया गया।

29.4.26

(476)

3.	अरवल	चिन्हित भूमि पर अतिक्रमण है।	इस संबंध में जिला पदाधिकारी, अरवल को पत्र भेजे जाने का निदेश दिया गया।
4.	बक्सर	उपलब्ध भूमि मात्र छः एकड़ होने के कारण अतिरिक्त भूमि की आवश्यकता है।	इस संबंध में जिला पदाधिकारी, बक्सर को पत्र भेजे जाने का निदेश दिया गया।

उक्त कार्य का अनुश्रवण श्री निरंजन कुमार, संयुक्त सचिव एवं श्री अजय कुमार, अवर सचिव द्वारा किया जायेगा।

II खेल भवन–सह–व्यायामशाला

महाप्रबंधक, परियोजना, बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना द्वारा बताया गया कि कुल 13 योजनाएं खेल भवन–सह–व्यायामशाला से संबंधित है, जिनमें से बेगूसराय, सीतामढ़ी, समस्तीपुर, दरभंगा, वैशाली, शेखपुरा एवं गोपालगंज में कार्य प्रगति पर है एवं वर्त्तमान में निम्नलिखित जिलों में समस्याएँ उत्पन्न हुई है, जिसका निराकरण किया जाना आवश्यक है:–

क्र. सं.	जिला का नाम	समस्या	संयुक्त सचिव द्वारा दिये गये निदेश
1.	बक्सर	उक्त चिन्हित भूमि की समस्याओं का निराकरण किया जाय अथवा दूसरी नई भूमि चिन्हित किया जाय।	पूर्व की चिन्हित भूमि उपलब्ध कराने अथवा नयी भूमि चिन्हित कर प्रस्ताव उपलब्ध कराने हेतु जिला पदाधिकारी को स्मार पत्र भेजा जाय।

➢ निर्मित 25 खेल भवन–सह–व्यायामशाला में RO, A.C, Generator Set, Signage एवं CCTV Camera के अधिष्ठापन के संबंध में निगम द्वारा सूचित किया गया है कि दक्षिण बिहार हेतु निविदा खोल दिया गया है तथा उत्तर बिहार हेतु निविदा प्राप्त नहीं हुआ है। इस संबंध में विभागीय निदेशक द्वारा निगम को निदेश दिया गया कि अविलम्ब उक्त कार्य करना सुनिश्चित करेंगे। इस संबंध में अद्यतन प्रतिवेदन बि0रा0भ0नि0नि0लि0 से प्राप्त करें।

III <u>प्रखंड स्तरीय आउटडोर स्टेडियम निर्माण</u>

प्रखंड स्तरीय आउटडोर स्टेडियम निर्माण में बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना द्वारा बताया गया कि कुल 78 नयी योजनाओं पर प्रशासनिक स्वीकृति विभाग द्वारा दी जा चुकी है, जिसमें कतिपय समस्याएँ है।

इस संबंध में संबंधित अद्यतन प्रतिवेदन तैयार करने का भी निदेश दिया गया तथा संबंधित जिला को पत्र भेजने का निदेश दिया गया।

IV <u>माननीय मंत्री/सांसद/विधान सभा सदस्य से संबंधित मामले</u>

माननीय मंत्री/सांसद/विधान सभा सदस्य से संबंधित मामलों तथा वैसे मामले जिसपर माननीया खेल मंत्री द्वारा निदेश अंकित गया है वैसे पत्रों की अलग–अलग सूची तैयार किये जाने का निदेश विभागीय निदेशक द्वारा दिया गया।

V <u>बी0पी0 सिन्हा राजकीय शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय, राजेन्द्र नगर, पटना का निर्माण</u>

मुख्य महाप्रबंधक, बी0पी0 सिन्हा राजकीय शारीरिक शिक्षा महाविद्यालय, पटना के पुनर्निर्माण हेतु बिहार रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन सेन्टर (**BIRSAC**) से भू–स्थानिक (**Geo- Spatial**) तकनीकी अनुमोदित प्राक्कलन उपलब्ध कराने हेतु बिहार रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन सेन्टर को पत्र भेजने का निदेश दिया गया।

VII <u>राजकीय बालिका उच्च विद्यालय, शास्त्रीनगर, पटना में हॉकी प्रशिक्षण केन्द्र</u>

राजकीय बालिका उच्च विद्यालय, शास्त्रीनगर, पटना में अभ्यास एस्ट्रोटर्फ बनाने हेतु प्राक्कलन बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना एवं भवन निर्माण विभाग से प्राप्त हुआ है। इस संबंध में अग्रेत्तर कार्रवाई किया जाय।

30/04/2018

(निरंजन कुमार)
संयुक्त सचिव।

(474)

ज्ञापांक–1649

पटना, दिनांक 30.4/2026

प्रतिलिपिः– निदेशक, खेल विभाग के आशुलिपिक /मुख्य महाप्रबंधक, बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना/ संयुक्त सचिव, खेल विभाग के आशुलिपिक/विशेष कार्य पदाधिकारी/परियोजना प्रबंधक, बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना/सहायक निदेशक (क्रीड़ा/युवा)/अवर सचिव संबंधित प्रशाखा (04&05)/संबंधित सहायक प्रशाखा पदाधिकारी/आई०टी० मैनेजर/सभी जिला खेल पदाधिकारी/अधीक्षक शा0 शिक्षा/उपाधीक्षक शा0 शिक्षा, बिहार, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

29.4.26

30/04/26

संयुक्त सचिव।